समाचार

पश्चिमी कोरबा जल आवर्धन योजना का डी.पी.आर. तैयार

(आमजन कर सकते हैं डी.पी.आर. का अवलोकन, दे सकते है अपने सुझाव)

कोरबा 07 सितम्बर 2015 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा पश्चिम क्षेत्र बांकीमोंगरा एवं दर्री क्षेत्र के 25 वार्डो हेतु जल आवर्धन योजना भाग–2 के लिए 284 करोड 69 लाख रूपये का प्रारंभिक डी.पी.आर. तैयार कर लिया गया है। आमनागरिकगण निगम कार्यालय साकेत स्थित जल प्रदाय शाखा में उक्त डी.पी.आर. का अवलोकन कर सकते हैं तथा शहर में बेहतर जल आपूर्ति की योजना स्थापित करने के संबंध में अपने सुझाव दे सकते हैं।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सम्पूर्ण निगम क्षेत्र को पेयजल आपूर्ति हेतु हसदेव नदी को आधार मानते हुए भाग–1 एवं भाग–2 में विभक्त किया गया है, भाग–1 के अंतर्गत 42 वार्डो में मानक के अनुरूप शोधित पेयजल आपूर्ति हेतु यू.आई.डी.एस.एस.एम.टी. योजना के अंतर्गत 133 करोड़ 34 लाख रूपये की लागत वाली कोरबा जल आवर्धन योजना भारत सरकार द्वारा स्वीकृत है, जिसके तहत जल शुद्धिकरण संयंत्र, विभिन्न स्थलों में आवश्यकतानुसार पानी टंकियां एवं शहर में पाईप लाईन वितरण प्रणाली इत्यादि के कार्य प्रारंभ किये जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके तहत पाईप लाईन बिछाए जाने में तत्कालिक रूप से नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए निगम ने आमजन से सहयोग मांगा है। निगम द्वारा कोरबा नगर निगम क्षेत्र के शेष बचे भाग यानी पश्चिमी क्षेत्र के कोरबा के अंतर्गत आने वाले बांकीमोंगरा व दर्री क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 25 वार्डो हेतु शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप सतही जल आधारित परियोजना शोधित पेयजल आपूर्ति हेतु जल आवर्धन योजना भाग–2 को भारत सरकार की अमृत योजना के अंतर्गत 284 करोड 69 लाख रूपये का प्रारंभिक डी.पी.आर. तैयार किया गया है। इस योजना के अंतर्गत जल शुद्धिकरण संयंत्र की स्थापना, विभिन्न भागों में उच्च जलागारों का निर्माण तथा मेन राईजिंग पाईप लाईन व सम्पूर्ण क्षेत्र में वितरण प्रणाली नेटवर्क तैयार किये जाने संबंधी कार्यो का प्रावधान रखा गया है। निगम की उक्त महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन पश्चात निगम के सम्पूर्ण क्षेत्र में निर्धारित मानक के अनुरूप शोधित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। पश्चिमी कोरबा क्षेत्र हेतु जल आवर्धन योजना भाग–2 के लिए तैयार किया गया डी.पी.आर. नगर निगम कार्यालय साकेत के जल प्रदाय शाखा में आमनागरिकों के अवलोकन हेतु उपलब्ध कराया गया है, इस योजना के संबंध में आमनागरिकगण अपने अमूल्य सुझाव प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से लिखित में निगम को दे सकते हैं या ई–मेल आईडी corporationkorba@gmail.com या mck.watersupply@gmail.com पर भेंज सकते हैं। निगम ने आमनागरिकों से उनके सुझाव भेजने का अनुरोध करते हुए कहा है कि प्राप्त सुझाव शहर में बेहतर जल आपूर्ति योजना स्थापित करने हेतु मद्दगार साबित होंगे।